Rapid Fire करेंट अफेयर्स (22 August)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-august-22

- भारत की यात्रा पर आए **जाम्बिया** के राष्ट्रपति **एडगर लूंगू** और पीएम मोदी के बीच दिल्ली के हैदराबाद हाउस में जब द्विपक्षीय मसलों पर बात हुई तो दोनों नेताओं ने दोनों देशों के संबंधों के विभिन्न पहलुओ पर व्यापक एवं उपयोगी चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि रक्षा सहित कारोबार, निवेश संबंधों को और बढ़ाने से दोनों देशों को लाभ होगा। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग, खनन सहित चुनाव आयोगों के बीच सहयोग बढ़ाने को लेकर 6 अलग-अलग क्षेत्रों में **6 सहमति पत्रों** पर हस्ताक्षर भी किये ।भारत जाम्बिया को 1000 टन चावल और 100 टन दुग्ध पाऊडर उपलब्ध कराएगा। जाम्बिया वायुसेना बेस पर भारत 5 अग्निशमन दमकल तैनात करेगा। जाम्बिया के सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाने में सहायता के लिये भारतीय सैन्य एवं वायुसेना की प्रशिक्षण टीम को जाम्बिया में तैनात किया जाएगा। ज़ाम्बिया के राष्ट्रपति एडगर लुंगु ने **भारत-जाम्बिया बिजनेस मीट** में भी हिस्सा लिया। ज्ञातव्य है कि जाम्बिया दक्षिण अफ्रीका में स्थित एक भू-आबद्ध देश है। इसकी सीमा उत्तर में कांगो, उत्तर-पूर्व में जिम्बाब्वे और बोत्सवाना, दक्षिण में नामीबिया और पश्चिम में अंगोला से मिलती है।
- **अध्यापक शिक्षा** पर दो दिवसीय **अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** का आयोजन हाल ही में नई दिल्ली में किया गया। सम्मेलन में भारत और अन्य देशों के विशेषज्ञों ने अध्यापक शिक्षा की वर्तमान स्थिति, शिक्षण में नवाचार, शिक्षण में सूचना और संचार प्रौ्द्योगिकी का समावेश, अध्यापक शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे विषयों पर चर्चा की। इस सम्मेलन की थीम **जर्नी ऑफ टीचर एजुकेशन: लोकल टू ग्लोबल** रखी गई थी। इसका आयोजन **राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE)** के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत किया गया। इसके अलावा मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 22 अगस्तको दुनिया के सबसे बड़े **अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम** की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का नाम **निष्ठा** (नेशनल इनिशिएटिव ऑन स्कूल टीचर्स हेड हॉलिस्टिक एडवांसमेंट-NISHTHA) है। इस मिशन के तहत 42 लाख अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- बाल्टिक देशों से संबंधों में और मज़बूती लाने के लिये 17 से 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने **लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया** का दौरा किया। यह भारत की ओर से तीन बाल्टिक देशों की पहली उच्चस्तरीय यात्रा थी। दौरे के पहले चरण में लिथुआनिया (राष्ट्रपति गीतानस नोसदा) की राजधानी **विलनियस** पहुँचे, जहाँ दोनों देशों के बीच कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गए। यात्रा के दूसरे चरण में भारत और लातविया (राष्ट्रपति इगिल्स लेवित्स) के बीच राजधानी **रीगा** में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इसके बाद एस्तोनिया (राष्ट्रपति केर्ति कलजुलैद) की राजधानी **तालिन** में दोनों देशों ने संस्कृति, शिक्षा एवं आर्थिक सहभागिता पर ज़ोर देते हुए द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया। विदित हो कि **बाल्टिक राज्य** या बाल्टिक देश उन बाल्टिक क्षेत्रों को कहते हैं, जिन्हें रूसी साम्राज्य से प्रथम विश्व युद्ध के समय स्वतंत्रता मिली थी। इनमें **लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया आते हैं** ।
- भारत में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस **मदन बी. लोकुर** ने हाल ही में **फिजी के सर्वोच्च न्यायालय** में न्यायाधीश की शपथ ली। वे फिजी में **अप्रवासी पैनल** का हिस्सा होंगे और उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। फिजी के राष्ट्रपति जिओजी कोनरोते ने कार्यकारी चीफ जस्टिस कमल कुमार की मौजूदगी में जस्टिस लोकुर को शपथ दिलाई। यह पहला मौका है

जब कोई भारतीय जज किसी दूसरे देश की शीर्ष अदालत में जज बना है। जस्टिस लोकुर वर्ष 1981 में सुप्रीम कोर्ट में वकील और 1998 में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त हुए। इसके बाद उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश का कार्यभार भी संभाला। जुलाई 1999 में वे हाईकोर्ट के जज बनाए गए। इसके अलावा जस्टिस लोकुर गुवाहाटी और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रहे। जून 2012 में वे सुप्रीम कोर्ट के जज बने तथा 31 दिसंबर, 2018 को सेवानिवृत्त हुए थे।

- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने केंद्रीय गृह सचिव **राजीव गौबा** को अगला **कैबिनेट सचिव** नियुक्त किया। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। झारखंड कैडर के 1982 बैच के IAS अधिकारी राजीव गौबा शुरू में कैबिनेट सचिवालय में विशेष कार्याधिकारी के तौर पर काम संभालेंगे और बाद में मौजूदा कैबिनेट सचिव पी.के. सिन्हा की जगह देश के टॉप ब्यूरोक्रेट की जिम्मेदारी लेंगे। उनका कार्यकाल 30 अगस्त से दो साल तक होगा। इसके साथ ही **अजय कुमार** को नया **रक्षा सचिव** नियुक्त किया गया है, जो 1985 बैच के केरल काडर के IAS अधिकारी हैं। वे वर्तमान रक्षा संजय मित्रा की जगह लेंगे, जो दो साल से अधिक समय से रक्षा सचिव हैं और इस साल जून में कार्यकाल के पूरा होने पर उन्हें तीन महीने का विस्तार दिया गया था। इनके अलावा **सुभाष चंद्र** को **रक्षा उत्पादन सचिव** नियुक्त किया गया है। 1986 बैच के IAS अधिकारी सुभाष चंद्र कर्नाटक काडर से हैं। **बृज कुमार अग्रवाल** को **सचिव लोकपाल** नियुक्त क्या गया है। वह 1985 बैच के IAS अधिकारी हैं और हिमाचल प्रदेश काडर से हैं।